# चित्रकूट पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय चलाये जा रहे मादक पदार्थों का विनष्टीकरण/निस्तारण “ऑपरेशन दहन” के क्रम में माननीय न्यायालय एन0डी0पी0एस0 एक्ट/अपर सत्र कोर्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री सतेन्द्र सिंह (जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी सदस्य) की उपस्थिति में थाना रैपुरा 01 व थाना राजापुर 01 अभियोग में कुल 51.952 किलोग्राम नाजायज गांजा का विनष्टीकरण किया गया।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में श्री निशिकान्त राय प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने 02 अपहृताओं को सकुशल बरामद किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 09.07.2026 को 02 वादिनियों द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी गयी थी कि दिनांक 06.07.2026 को समय करीब 08.00 बजे दोनों वादिनियों की पुत्रिया बिना बताये कही चली गयी। इस सूचना के आधार पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 141/2026 धारा 87 बीएनएस व मु0अ0सं0 142/2026 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी द्वारा पीड़िताओं की बरामदगी हेतु उ0नि0 श्री जंगबहादुर सिंह को निर्देशित किया गया। उ0नि0 श्री जंगबहादुर सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर की सूचना पर दोनों पीड़िताओं को सकुशल बरामद किया गया।

**<u>बरामद करने वाली टीम-</u>**

1.उ0नि0 श्री जंगबहादुर सिंह

2.म0का0 स्वाती राजावत

3.रि0आरक्षी आशीष कुमार

(4).आज दिनांक 13.07.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकान्त राय की उपस्थिति में आषाढ़ अमावस्या को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मेला हेतु डियूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगणों की ब्रीफिंग की गयी । ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया । सभी अपने-अपने डियूटी पॉइन्ट पर समय से पहुंचेगें तथा सतर्क रहकर ड्यूटी चार्ट के मुताबिक डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । डियूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें तथा डियूटी के दौरान कोई भी समस्या होती है तो अपने लाइजनिंग अफसर को अवगत कराते हुये उच्चाधिकारियों को सूचना दें ।

मेला डियूटी में जनपद चित्रकूट से 04 क्षेत्राधिकारी, 14 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी, 75-उपनिरीक्षक, 240-आरक्षी/मुख्य आरक्षी, 82 महिला आऱक्षी, 03 उपनिरीक्षण यातायात, 24 आरक्षी/मुख्य आरक्षी यातायात, 02 उपनिरीक्षक एलआईयू, 06-आरक्षी/मुख्य आरक्षी एलआईयू, 02-फायर टेण्डर, 01 डॉग स्क्वायड, तथा एसचेक टीम 01,01 कम्पनी पीएसी, 01 एसडीआरएफ बाढ़ राहत, फ्लड टीम-01 को लगाया गया है।

ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/आंकिक श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली,क्षेत्राधिकारी फायर श्री यदुवीर सिंह, एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।